निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

संदेश

05 सितम्बर, 2022

प्रिय अध्यापकगण,

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के समस्त शिक्षकवृंद को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

मैं, इस अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ, जिन्होंने शिक्षा और भारतीय संस्कृति के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके आदर्श और सिद्धांत आज भी शिक्षा के क्षेत्र में सबका मार्गदर्शन कर रहे हैं।

भारत एक ऐसा देश है जहां गुरू को ईश्वर से भी ऊंचा स्थान प्रदान किया गया है। इस भाव से ज्ञात होता है कि एक शिक्षक के कंधों पर कितनी महत्वूर्ण जिम्मेदारी है। आने वाले समय में राष्ट्र किस दिशा में जाएगा यह वर्तमान के शिक्षकों पर निर्भर करता है, क्योंकि शिक्षक ही राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं। शिक्षक ही उस मजबूत नींव को तैयार करते हैं जिस पर देश की भावी इमारत खड़ी होगी।

कोरोना संकटकाल की विषम चुनौतियों के बावजूद हमारे शिक्षकों ने जिस तत्परता और समर्पण के साथ शिक्षा की लौ को जगमगाए रखा वह उनकी निष्ठा और सेवा का ही परिणाम था। डिजिटल मंचों को शीघ्र आत्मसात करने से लेकर शिक्षा के लिए उनका सार्थक प्रयोग करने तक हमारे शिक्षकों ने स्वयं आगे बढ़कर आपदा को अवसर में बदला। अनेक शिक्षकों द्वारा ऐसे नवाचार किये गये, जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुए। कोरोना आपदा बीत जाने के उपरांत भी इस संकटकाल में सीखे गये नए सबक भविष्य में भी हमारे लिए उपयोगी सिद्ध होते रहेंगे।

नए समय की नई आवश्यकताएं होती हैं और उनको पूर्ण करने के लिए, नए मार्ग अपनाए जाते हैं। इसीलिए 21वीं सदी के भारत की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई है और इस कार्य में हमारे शिक्षकगण निरंतर प्रयासरत हैं। मेरा विश्वास है कि हमारे शिक्षकों के अथक प्रयासों के बल पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन बहुत शीघ्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सभी लक्ष्यों को हासिल करेगा।

एक बार पुनः आप सबको शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

शुभकामनाओं सहित, सादर

निधि पाण्डे

(निधि पाण्डे)
आयुक्त